राष्ट्रीय प्रतिभा खोज परीक्षा (NTSE Level-I) 2019-20
एस.सी.ई.आर.टी. हरियाणा, गुरूग्राम

राष्ट्रीय प्रतिभा खोज योजना हरियाणा सरकार के मानव संसाधन विकास मन्त्रालय द्वारा चलाई जा रही है जिसका उद्देश्य प्रतिभाशाली विद्यार्थियों का चयन कर उनका शैक्षिक विकास करना है इस छात्रवृति योजना के तहत देश भर में दो हजार विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति प्रदान की जाती है इस योजना के तहत पात्र विद्यार्थियों के चयन हेतु चयन परीक्षा दो चरणों मे आयोजित की जाती है।

NTSE Level-I :-

राज्य स्तर पर हरियाणा प्रदेश के दसवीं कक्षा के विद्यार्थियों हेतु 3 नंवम्बर 2019 को यह परीक्षा एस.सी.ई.आर.टी. हरियाणा गुरूग्राम द्वारा आयोजित की जायेगी, इस परीक्षा से चयनित 186 प्रतिभाशाली विद्यार्थी राष्ट्रीय स्तर (NTSE Level-II) के लिए पात्र होगें।

NTSE Level-II :-

राष्ट्रीय स्तर पर परीक्षा 10 मई 2020 को NCERT द्वारा आयोजित की जाएगी। NTSE Level-II में उत्तीर्ण देश भर के लगभग 2000 विद्यार्थियों को छात्रवृति निम्नानुसार दी जायेगी।

(क) छात्रवृत्ति 1250/– प्रमिमास कक्षा XI से XII

(ख) छात्रवृत्ति 2000/– प्रमिमास कक्षा स्नातक एवं स्नातकोत्तर

(ग) छात्रवृत्ति UGC नियमानुसार Ph.D विद्यार्थियों

NTSE Level-I के लिए पात्रता के नियम व शर्ते :–

1. हरियाणा प्रदेश सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त सभी विद्यालयों (सरकारी, सरकारी अनुदान प्राप्त, निजी विद्यालय, जवाहर नवोदय विद्यालय एवं केन्द्रीय विद्यालय) से सत्र 2019–20 में दसवीं कक्षा में पढ़ रहे विद्यार्थी जिन्होंने नौवी कक्षा (सत्र 2018–19) में 60% या इससे अधिक अंक प्राप्त किए हो। आरक्षित वर्ग (SC व Ph)के लिए 5% की छूट दी जाएगी।

2. इस परीक्षा में भाग लेने हेतु मुक्त एवं दूरवर्ती शिक्षण संस्थानों (NIOS, ODL, SOS) में पढ़ रहे विद्यार्थी भी आवेदन कर सकते है यदि 1 जुलाई 2019 तक उनकी आयु 18 वर्ष से कम हो और वे कही नौकरी न करते हो। इसके लिए सक्षम अधिकारी द्वारा जारी प्रमाण पत्र की आवश्यकता होगी।

नोट (क) NCERT के दिशा निर्देशों के अनुसार 15% सीटे अनुसूचित जाति 7.5% सीटे अनुसूचित जनजाति 27% सीटे अन्य पिछड़ा वर्ग व 4% सीटे दिव्यांग विद्यार्थियों (with in category, अक्षमता 40% से अधिक) तथा 10% सीटे आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (जो SC, ST तथा OBC के आरक्षण में शामिल न हो) के लिए आरक्षित होगी। आरक्षित वर्ग से आवेदन करने वाले विद्यार्थियों को सक्षम अधिकारियों द्वारा जारी प्रमाण–पत्र की सत्यापित छायाप्रति (EWS के लिए माता–पिता की वार्षिक आय एवं संपत्ति प्रमाण पत्र) Online आवेदन पत्र के साथ upload करनी होगी।

(ख) परीक्षा शुल्कः– निःशुल्क

3. हरियाणा विज्ञान प्रतिभा खोज योजना (HScTSS) :– छात्रवृति के लिए छात्रों के चयन हेतु NTSE Level-I की लिखित परीक्षा को आधार बनाया जाता है। इसकी कुल 1500 छात्रवृत्तियाँ है। 1250 छात्रवृत्तियाँ हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड से Affilated स्कूलों में पढ़ने वाले विद्यार्थियों के लिए तथा 250 छात्रवृत्तियाँ हरियाणा में स्थित अन्य स्कूलों में पढ़ने वाले विद्यार्थियों के लिए है। छात्रवृत्ति 1000/– रूपये प्रतिमास कक्षा XI व XII

4. परीक्षा हेतु Online आवेदन पत्र SCERT की वैवासाइट scertharyana.gov.in पर भर सकते है।

Online आवेदन पत्र भरना	14 अगस्त 2019 से प्रारम्भ
Online आवेदन भरने की अन्तिम तिथि	25 सितम्बर 2019
राज्य स्तर प्रतिभा खोज परीक्षा (NTSE Level-I) की तिथि	3 नवंबर, 2019 (रविवार)
राष्ट्रीय प्रतिभा खोज परीक्षा (NTSE Level-II) की तिथि	10 मई, 2020 (रविवार)

(Conducted by NCERT)

अधिक जानकारी के लिए हेतु सम्पर्क करे।

फोन नं0 0124–231909/2301981

अधिक जानकारी के लिए विवरण पुस्तिका Prospectus हमारी scertharyana.gov.in पर 14 अगस्त 2019 से उपलब्ध होगा।

निदेशक
एस.सी.ई.आर.टी. हरियाणा,
गुरूग्राम । 6/8/19

Scanned by CamScanner